ont>

Title: Need to ensure early completion of the pending projects of Railways in East Delhi- Laid.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली): अध्यक्ष महोदय, अब से कुछ मास पूर्व मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्वी दिल्ली के आनन्द विहार रेलवे स्टेशन पर निजामुद्दीन की तर्ज पर एक नया स्टेशन बनाने की मंजूरी मिली थी जिस पर लगभग 225 करोड़ रूपये खर्च होने का अनुमान बताया गया है परन्तु उसका निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इसी प्रकार यमुना नदी के उपर पुराने लोहे के पुल व आईएसबीटी पुल के बीच में एक नया पुल भी लगभग 166 करोड़ रूपये की लागत से बनाने की जानकारी मिली है। जिस पर इन दिनों कुछ काम रेलवे की तरफ से शुरू हुआ है परन्तु इन दोनों पुलों के विधिवत निर्माण कार्य शुरू नहीं हुए। मेरे ही क्षेत्र के मण्डावली में एक रेलवे हाल्ट अब से लगभग तीन चार र्वा पहले बनाया गया था परन्तु उसका पूरी तरह से विकास अभी तक नहीं हुआ है। इसी तरह नन्दनगरी रेलवे फाटक पर भी एक फ्लाईओवर का काम शुरू हो गया है परन्तु उसकी निर्माण की गति बहुत ही धीमी है। अतः आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त पुलों के निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किए जायें।